Date: 25.2.2022	**Publication:** Navbharattimes.indiatimes.com
Headline: Travel Insurance: Ensure that you have it to enjoy your travel	

Travel Insurance: होलीडे पर जा रहे हैं तो इस काम को जरूर करें, मजे में गुजरेंगे दिन

Curated by शिशिर चौरसिया | Navbharat Times | Updated: 25 Feb 2022, 11:42 am

हममें से बहुत से लोग यात्रा (Travel) करना पसंद करते हैं। ऐसी किसी भी यात्रा का बेसब्री से इंतजार करते रहते हैं। देखें तो, यही एक तरीका है जिससे हम छुट्टियों (Holiday) को सार्थक तरीके से बिता सकते हैं। ट्रेवल करते रहने से काफी कुछ सीखने को भी मिलता है। ऐसी यात्रा आपके नजरिये को बदल देती है और जीवन को जीने का अलग अंदाज भी पैदा कर देता है।

बीते दो साल के दौरान कोविड महामारी (Covid Pandemic) ने हमारे ट्रेवल प्लान (Travel Plan) पर ब्रेक लगा दिया था। लेकिन, जैसे-जैसे टीकाकरण (Vaccination) अभियान ने जोर पकड़ा और प्रतिबंधों में ढील दी जाने लगी है तो ऐसे में कइयों ने अपनी अगली यात्रा की योजना पर काम करना शुरू कर दिया है। अगर ऐसा है तो आप यात्रा बीमा कवर (Travel Insurance Cover) लेकर बिंदास यात्रा करें और बिना किसी चिंता के इसका आनंद लें।

बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के हेड, आईटी, वेब सेल्स एंड ट्रेवल सौरभ चटर्जी हमें बता रहे हैं ट्रेवल इंश्योरेंस पॉलिसियों (Travel Insurance Policies) बारे में। उनका कहना है कि इन बातों का ध्यान रखेंगे तो आपकी निष्कंटक यात्रा होगी।

मेडिकल इमर्जेंसी

हम सभी एक स्वस्थ, सुरक्षित यात्रा की कामना करते हैं। लेकिन, अगर कुछ होनी-अनहोनी हो जाए तो हमें इसके लिए भी तैयार रहना चाहिए। ट्रेवल इंश्योरेंस की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि यदि आप स्वयं

को किसी मेडिकल इमरजेंसी में पाते हैं, तो ये पॉलिसी आपकी सहायता करेगी। यदि आपको अपनी यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की चिकित्सा सहायता की आवश्यकता होती है तो आप एक नए स्थान पर बहुत कम या बिना किसी सहायता के मुसीबत में पड़ सकते हैं। मुश्किल की इस घड़ी में, आपका ट्रेवल इंश्योरेंस आपको आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। यदि आप अपनी यात्रा के दौरान किसी दुर्घटना का शिकार होते हैं, तो मेडिकल इमरजेंसी के अलावा, आपकी यात्रा बीमा योजना आपको कवर प्रदान करेगी।

सामान खो जाए तो क्या होगा

आप कल्पना कीजिये कि यात्रा के दौरान अपना सामान खो जाए तो क्या होगा। यह न केवल आपका मूड खराब करेगा बल्कि आपके यात्रा बजट को भी प्रभावित करेगा। ट्रेवल इंश्योरेंस पॉलिसी चेक-इन बैगेज के नुकसान की प्रतिपूर्ति (Reimbursement) करके आपको इस अप्रत्याशित वित्तीय आपात स्थिति के खिलाफ कवर प्रदान करता है। यहां इस बात का ध्यान रखना होगा कि बीमा कंपनी आपको केवल सामान के कुल नुकसान के मामले में ही प्रतिपूर्ति करेगा, न कि आंशिक नुकसान या क्षति की स्थिति में। ध्यान देने वाली बात यह भी है कि यदि आपका कैरियर आपको नुकसान के लिए एक निश्चित या कुछ राशि का भुगतान करता है, तो बीमाकर्ता बकाया राशि का भुगतान करेगा। उदाहरण के लिए, यदि कुल नुकसान 10,000 रुपये का हुआ है और कैरियर ने आपको 4,000 रुपये का भुगतान किया है, तो बीमाकर्ता शेष 6,000 रुपये का भुगतान करेगा।

सामान आने में देरी

जरा सोचिए कि आप अभी-अभी हवाई अड्डे पर उतरे हैं और नई जगह घूमने जाने के लिए तैयार हैं। आप बस अपने सामान की प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि आप बाहर निकल सकें। पर जब तक आपका सामान नहीं आ जाता है, तब तक घबराहट और बेचैनी बढ़ती जाती है। कैरियर से जांच करने पर आपको पता चलता है कि आपका सामान एक अलग गंतव्य पर पहुंच गया है। ऐसी सूरत में सामान आने में कुछ घंटों से लेकर कुछ दिनों तक का समय लग सकता है। लेकिन अगर आपके पास ट्रेवल इंश्योरेंस है तो आपको चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। बीमाकर्ता आपको उतने पैसे की प्रतिपूर्ति करेगा जो आप आवश्यक सामान खरीदने पर खर्च करते हैं।

ट्रिप कैंसिलेशन और कटौती

हालांकि हम अपनी यात्राओं की योजना पहले से ही बना लेते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि सब कुछ ठीक हो। लेकिन, कभी कभार ऐसी भी स्थिति हो जाती है कि आपको अंतिम समय में अपनी यात्रा रद्द करनी पड़े।ऐसी सूरत में ट्रेवल इंश्योरेंस गैर-वापसी योग्य (non-refundable), होटल बुकिंग और फ्लाइट टिकट जैसे प्रीपेड खर्चों की प्रतिपूर्ति करता है। आपकी बीमा पॉलिसी उन स्थितियों को स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध करती है जिनके तहत यह आपको प्रतिपूर्ति करेगी, जिसमें आपको यात्रा रद्द करनी पड़ सकती है।

फ्लाइट डिले

आपने अपने शहर से कहीं जाने का टिकट लिया। आप एयरपोर्ट पर पहुचते हैं। वहां आपको पता चलता है कि फ्लाइट लेट (Flight Late) है या टेक ऑफ में डिले होगा। यदि आपकी पॉलिसी के अनुसार आपकी उड़ान में न्यूनतम घंटों से अधिक की देरी हो जाती है, तो आपका बीमाकर्ता आपको भोजन, जलपान, आवश्यक खरीदारी आदि जैसे विलंब के कारण होने वाले खर्चों की प्रतिपूर्ति करेगा।

ऐड-ऑन कवर

ऊपर बताए गए कवरों के अलावा, बीमाकर्ता विभिन्न ऐड-ऑन कवर प्रदान करते हैं। जैसे, साहसिक खेलों के लिए कवरेज, पहले से मौजूद बीमारियां, लैपटॉप, मोबाइल, दस्तावेज़ आदि जैसे व्यक्तिगत सामान का नुकसान। इस बात को भी नोट कर लें कि शेंगेन देशों जैसे कुछ देशों का दौरा करने के लिए यात्रा बीमा होना अनिवार्य है। अधिक देशों में महामारी के कारण बीमा अनिवार्य हो सकता है।